# उत्तर प्रदेश आर्थिक अपराध शाखा का पुनर्गठन

## चर्चा में क्यों?

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) से प्रेरणा लेते हुए उत्तर प्रदेश आर्थिक अपराध शाखा (EOW) ने अपनी क्षमताओं को बढ़ाने के लिये **पुनर्गठन** किया है।

- नए उपायों में उन्नत प्रौद्योगिकी उपकरणों को अपनाने, **तीव्र अन्वेषण और वित्तीय अपराधों की रिपोर्ट** करने के लिये सार्वजनिक पहुँच में सुधार लाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

## मुख्य बिंदु

## प्रमुख सुधार और उपाय

- **उन्नत सार्वजनिक पहुँच**:
  - एक प्रमुख सुधार के तहत नागरिकों को **आर्थिक अपराधों** की रिपोर्ट करने के लिये आसान पहुँच प्रदान की गई है।
  - राज्य की आपातकालीन हेल्पलाइन 112 को **EOW** के साथ एकीकृत किया गया है, ताकि जनता पोंजी स्कीम धोखाधड़ी, **स्टांप धोखाधड़ी**, **मल्टी-मार्केटिंग धोखाधड़ी** आदि जैसे मामलों की रिपोर्ट कर सके।
- **व्यावसायिक विशेषज्ञता और प्रशिक्षण**:
  - कार्यशाला का उद्देश्य **वित्तीय अपराधों के विभिन्न स्वरूपों** के बारे में शिक्षित करना, **जाँच की बारीकियों** पर ध्यान देना तथा वित्तीय अपराध प्रवर्तन में **उभरती चुनौतियों** से निपटना था।
  - EOW का लक्ष्य प्रवर्तन तथा सार्वजनिक पहुँच दोनों के संदर्भ में एक **मज़बूत और विश्वसनीय संस्थान** बनना है।
  - अपने अधिकारियों की **व्यावसायिकता** बढ़ाने के लिये CBI, प्रवर्तन निदेशालय तथा अन्य केंद्रीय एजेंसियों के विशेषज्ञों के साथ एक दिवसीय **कार्यशाला** का आयोजन किया गया।
- **जन जागरूकता और शिक्षा**:
  - EOW की रणनीति का एक मुख्य भाग **जन जागरूकता** है।
  - एजेंसी ने नागरिकों को विभिन्न आर्थिक अपराधों के बारे में **शिक्षित करने** तथा उन्हें **सतर्क और सुरक्षित** रहने के लिये जागरूक करने हेतु **डिजिटल और प्रिंट** दोनों प्रारूपों में आठ **एनिमेटेड पुस्तिकाएँ** तैयार की हैं।
  - जनता को शामिल करने के लिये वित्तीय अपराध रोकथाम पर एक **लघु फिल्म** भी लॉन्च की गई, साथ ही एक नया **EOW लोगो** भी जारी किया गया।
- **तकनीकी उन्नयन**:
  - EOW अब परिचालन को **सुव्यवस्थित** करने के लिये **अत्याधुनिक उपकरणों** से सुसज्जित है, जिसमें **वास्तविक समय पर केस की निगरानी** और **तीव्र समाधान** हेतु 24x7 केस प्रबंधन सॉफ्टवेयर (CMS) भी शामिल है।

## आर्थिक अपराध शाखा (EOW)

- **आर्थिक अपराधों से निपटने** के लिये **CID** के अंतर्गत वर्ष 1970 में **आर्थिक अपराध शाखा (EOW)** की स्थापना की गई थी, जिसका विस्तार वर्ष 1972 में 10 **सरकारी विभागों** से संबंधित अपराधों को शामिल करने हेतु किया गया।
- वर्ष 1977 में EOW को उत्तर प्रदेश पुलिस की एक **अलग और विशेष जाँच शाखा** के रूप में **पुनर्गठित** किया गया।
- वर्ष 2006 में EOW के **अधिकार क्षेत्र** को और अधिक विस्तृत कर दिया गया तथा इसमें सभी सरकारी विभागों में **आर्थिक अपराधों की जाँच एवं पूछताछ** को शामिल कर लिया गया।
- वर्ष 2018 में सरकार ने **लखनऊ, वाराणसी, मेरठ** और **कानपुर** में EOW क्षेत्रों के अंतर्गत **चार पुलिस स्टेशन** स्थापित किये।
- EOW का नेतृत्व **महानिदेशक, EOW** द्वारा किया जाता है, जिसका **मुख्यालय लखनऊ** में स्थित है। इसे **पाँच सेक्टरों** में विभाजित किया गया है, जिनमें से प्रत्येक का प्रबंधन **एसपी रैंक** के अधिकारी द्वारा किया जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/up-economic-offences-wing-revamped